भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2449
05 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना

2449. **श्रीमती माला रायः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के एक भाग के रूप में अनेक सरकारी कार्यालय भवनों का पुनर्निर्माण या पुनर्विकास किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ख) इस कार्य में कितनी निधि खर्च होने का अनुमान है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) : संसद भवन का निर्माण वर्ष 1927 में पूरा हुआ था और यह सांसदों को अलग से चेम्बर प्रदान करने सहित संसद की मौजूदा दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं है। केन्द्र सरकार के कार्यालय भिन्न-भिन्न स्थानों पर स्थित हैं जिससे मंत्रालयों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। इनमें से कई बिल्डिंगों की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। इसलिए, संसद की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, केन्द्रीय सरकार सचिवालय के सभी कार्यालयों को एक स्थान पर लाने तथा सेंट्रल विस्टा को विश्व स्तरीय पब्लिक प्लेस बनाने के लिए, विस्टा की ऐसी बिल्डिंगों के विकास/पुनर्विकास के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया है।

(ख) सेंट्रल विस्टा क्षेत्र के पुनर्विकास अर्थात साझा केन्द्रीय सचिवालय और नए संसद भवन के साथ-साथ सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में सुधार की लागत प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के बाद निर्धारित की जाएगी।

*****